**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Need to lay a broad-gauge railway line between Rajpipla and Kevadiya in Gujarat-laid.

**श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच):** गुजरात में बड़ोदरा से केवड़िया तक ब्राडगेज लाइन बन जाने से देश के अन्य भागों से ट्रेनों का आवागमन होता रहता है परंतु मुंबई और साउथ गुजरात के पर्यटकों के लिए यह रेल रूट सुविधाजनक नहीं है । इस रेल परिचालन में ज्यादा समय लगता है । अतः मुंबई और दक्षिण गुजरात के लोगों की स्टेच्यू आफ यूनिटी, केवड़िया तक की यात्रा को सुगम और सरल बनाया जाना आज की अतीव आवश्यकता है । वेस्टर्न रेलव द्वारा कुछ वर्ष पहले अंकलेश्वर-राजपीपला रेल लाइन को 800 करोड़ रूपये के खर्च से ब्राडगेज में परिवर्तित किया गया था । वर्तमान में अगर उपरोक्त अंकलेश्वर-राजपीपला ब्राडगेज रेल लाइन को मुंबई से वापी, सूरत, नवसारी तथा वलसाड आदि स्टेशनों से जोड़ते हुए राजपीपला से सिर्फ 15 किलोमीटर नई रेल लाइन बिछाकर स्टेच्यू आफ यूनिटी, केवड़िया से जोड़ दिया जाए तत्पश्चात् मुंबई से केवड़िया तक एक फास्ट ट्रेन का परिचालन शुरू करके मुंबई और दक्षिण गुजरात के लोगों को यात्रा हेतु एक बड़ी राहत दी जा सकती है । इसके साथ ही देश विदेश से स्टेच्यू आफ यूनिटी तक पहुंचने में बहुत सुविधा हो जाएगी तथा इस आवागमन से रेलवे के राजस्व में भी भारी वृद्धि । होगी । इस संबंध में सरकार से मेरा आग्रह है कि राजपीपला से केवड़िया तक तत्काल ब्राडगेज रेल लाइन बिछाए जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश पारित किए जाएं ।